# 20 राजस्थान में परिवहन संसाधन

1. 31 मार्च 2021 की स्थिति के अनुसार राजस्थान में प्रति 100 वर्ग किलोमीटर पर सड़कों का घनत्व क्या है ?
(1) 57.66 किमी (2) 72.14 किमी
(3) 67.35 किमी (4) 79.76 किमी (4)

2. वह राष्ट्रीय राजमार्ग, जो राजस्थान के केवल एक ही जिले में सीमित है ?
(1) NH-248 (2) NH-23
(3) NH-148 बी (4) NH-125 (1)

**व्याख्या–** राजस्थान में 9 राष्ट्रीय राजमार्ग है जो कि एक ही जिले से होकर गुजरते है। NH-248 केवल जयपुर से होकर गुजरता है।

3. राजस्थान में सबसे छोटा राजमार्ग कोनसा है।
(1) NH-19 (2) NH-919
(3) NH-156 (4) NH-23 (2)

**व्याख्या–** NH-919 रेवाड़ी से पलवल (हरियाणा) तक स्थित है, जो कि राजस्थान के एकमात्र जिले अलवर में 5 किमी लम्बाई से होकर गुजरता है।

4. राजस्थान से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों में से निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है ?
(1) NH-44 श्रीनगर–कन्याकुमारी
(2) NH-27–पोरबंदर– सिल्चर
(3) NH-48– दिल्ली– चेन्नई
(4) NH-11 म्याजलार– बरेली (4)

**व्याख्या–** NH-11 म्याजलार (जैसलमेर) से रेवाड़ी (हरियाणा) तक है।

5. हाल ही में जयपुर मेट्रो के फेज 1बी चाँदपोल से बड़ी चौपड़ तक का उद्घाटन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किया गया है, यह उद्घाटन किस दिनांक को हुआ था?
(1) 19 सितम्बर 2020 (2) 21 सितम्बर 2019
(3) 23 सितम्बर 2020 (4) 27 सितम्बर 2020 (3)

**व्याख्या–**जयपुर मेट्रो परियोजना के निर्माण एवं संचालन हेतु जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का गठन 1 जनवरी, 2010 को हुआ। इसके निर्माण हेतु जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के बीच 5 अगस्त, 2010 को समझौता हुआ। 24 फरवरी, 2011 को इसके प्रथम चरण के फेज A (मानसरोवर से चाँदपोल तक) का शिलान्यास किया गया तथा 3 जून, 2015 को इस ट्रेक पर मेट्रो रेल का परिचालन प्रारंभ हुआ तथा फेज 1B (चाँदपोल से बड़ीचौपड) का शुभारंभ 23 सितम्बर 2020 को किया गया।

6. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकार का वित्तीय अंशदान है ?
(1) 75:25 (2) 65:35
(3) 85:15 (4) 60:40 (4)

**व्याख्या–** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा 25 दिसम्बर 2000 को प्रारंभ की गई।

7. राजस्थान में पश्चिमी रेलवे क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र कहाँ है ?
(1) जयपुर (2) पचपदरा
(3) उदयपुर (4) जोधपुर (3)

8. राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 25 किन दो स्थानों को आपस में जोडता है ?
(1) अजमेर–बीकानेर (2) जोधपुर– पोकरण
(3) बालोतरा–सांडेराव (4) ब्यावर– मुनाबाव (4)

9. राजस्थान का नवीनतम सिविल हवाई अड्डा कौनसा है ?
(1) कोटा (2) किशनगढ
(3) भरतपुर (4) उदयपुर (2)

10. राजस्थान में सड़कों का सर्वाधिक घनत्व कहाँ है?
(1) जयपुर (2) उदयपुर
(3) डूँगरपुर (4) राजसमंद (3)

11. कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग संगरूर (पंजाब) से प्रारम्भ होकर राजस्थान के चुरू, फतेहपुर, जयपुर, टोंक, बूँदी, कोटा तथा झालावाड़ शहरों से होता हुआ कर्नाटक के अंकोला तक जाता है–
(1) NH–23 (2) NH–52
(3) NH–48 (4) NH–58 (2)

12. राजस्थान में भूमिगत हवाई अड्डे किन जिलों में हैं?
(1) बीकानेर, जोधपुर (2) बीकानेर, श्रीगंगानगर
(3) जैसलमेर, बीकानेर (4) कोटा, जयपुर (2)

13. राज्य में राज्य उच्चमार्गों की सर्वाधिक लम्बाई वाला जिला है?
(1) जोधपुर (2) नागौर
(3) उदयपुर (4) बीकानेर (2)

**व्याख्या–** राज्य उच्चमार्गों में सर्वाधिक लम्बाई वाला जिला नागौर (1,377 किमी.) है।

14. आगरा व भरतपुर को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग कौनसा है?
(1) NH 48 (2) NH 21
(3) NH 23 (4) NH 52 (2)

**व्याख्या–** NH 21 राजस्थान के 3 जिलों (जयपुर, दौसा व भरतपुर) से होकर गुजरता है तथा यह राष्ट्रीय राजमार्ग भरतपुर से होता हुआ आगरा, बदायूं, बरेली (उत्तर प्रदेश) तक जाता है।

15. निम्न में से असंगत है?

| | राष्ट्रीय राजमार्ग | जिले |
|---|---|---|
| (1) | NH 21 | जयपुर, दौसा, भरतपुर |
| (2) | NH 25 | बाड़मेर, जोधपुर, पाली |
| (3) | NH 27 | उदयपुर, चितौड़गढ़, भीलवाड़ा |
| (4) | NH 911 | बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ |

(4)

**व्याख्या–** NH-911 राजस्थान के 4 जिलों जोधपुर, जैसलमेर, गंगानगर, बीकानेर से गुजरता है।

16. पूर्णतया राजस्थान में गुजरने वाला सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग है?
(1) NH 21 (2) NH 11
(3) NH 25 (4) NH 23 (3)

**व्याख्या–** NH 25 राजस्थान के 4 जिलों (अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर) से होकर गुजरता है जो कि पूर्णतया राजस्थान से गुजरने वाला सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग है।

17. 21 फरवरी 2020 को जारी हवाई अड्डों की स्वच्छता रैकिंग में जयपुर हवाई अड्डे को देशभर में कौनसा स्थान स्थान मिला है?
(1) 8 वाँ (2) 3 वाँ
(3) 2 वाँ (4) 11 वाँ (2)

18. राज्य में 2021 तक कुल कितने (SH) राज्य उच्चमार्ग है?
(1) 171 (2) 204
(3) 148 (4) 154 (1)

19. राजस्थान में सड़कों की सर्वाधिक लम्बाई वाला जिला है?
(1) उदयपुर (2) जयपुर
(3) बीकानेर (4) बाड़मेर (4)

20. पाकिस्तान सीमा की ओर भारत का अन्तिम रेलवे स्टेशन है –
(1) खोखरापार (2) पोकरण
(3) खेतोलाई (4) मुनाबाव (4)

**व्याख्या–** भारत व पाकिस्तान के मध्य मुनाबाव(बाड़मेर) से खोखरापार (पाकिस्तान) के लिए 17 फरवरी 2006 को थार एक्सप्रेस की शुरूआत की गई। मुनाबाव से जोधपुर तक इसे 'लिंक एक्सप्रेस' कहा जाता है।

21. राजस्थान परिवहन की दृष्टि से कितने संभागो में विभाजित है?
(1) 8 (2) 7
(3) 12 (4) 11 (3)

22. राजस्थान का निम्न में से कौनसा जिला NH 68 (नया नंबर) पर स्थित नहीं है?
(1) जालौर (2) जोधपुर
(3) जैसलमेर (4) बाड़मेर (2)

23. देश का पहला 6 लेन एक्सप्रेस हाइवे कौनसा है?
(1) जयपुर–किशनगढ़ (2) जोधपुर–जयपुर
(3) अजमेर–जयपुर (4) कोटा–जयपुर (1)

24. राज्य में प्रथम सड़क नीति घोषित कब की गई?
(1) दिसम्बर 1994 (2) नवम्बर 1998
(3) दिसम्बर 1995 (4) नवम्बर 1996 (1)

**व्याख्या–** राज्य की नवीनतम सड़क नीति 2021 प्रस्तावित है।

25. राज्य का वह जिला जिसके सबसे अधिक गाँव सड़कों से जुड़े है?
(1) गंगानगर (2) जैसलमेर
(3) करौली (4) जयपुर (1)

26. NH 48 राज्य के किस जिले से होता हुआ गुजरात में प्रवेश करता है?
(1) डूँगरपुर (2) बाड़मेर
(3) सिरोही (4) जालौर (1)

**व्याख्या–** NH 48 राज्य के 7 जिलों(अलवर, जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, डूंगरपुर) से होकर गुजरता है। NH 48 स्वर्णिम चतुर्भज योजना का हिस्सा है।

27. राजस्थान में प्रथम रेल की शुरूआत जयपुर रियासत में किन स्थानों के मध्य शुरू हुई?
(1) बांदीकुई से आगरा फोर्ट (2) बांदीकुई से जोधपुर
(3) जयपुर से मण्डोर (4) बाड़ी से आगरा फोर्ट (1)

28. राजस्थान का प्रथम ग्रीनफील्ड अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा किस स्थान पर बनाया जाना प्रस्तावित है?
(1) ब्यावर (अजमेर) (2) कोटकासिम (अलवर)
(3) बिलाड़ा (जोधपुर) (4) बगरू (जयपुर) (2)

29. निम्न में से किस जिले में हवाई अड्डा नहीं है?
(1) बाड़मेर (2) बीकानेर
(3) गंगानगर (4) भीलवाड़ा (4)

**व्याख्या–** वर्तमान में राजस्थान में 8 जिलों (जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, जैसलमेर, उदयपुर अजमेर, गंगानगर) में हवाई अड्डे है।

30. एशिया में मीटर गेज का सबसे बड़ा रेलवे यार्ड है?
(1) जयपुर जंक्शन (2) उदयपुर जंक्शन
(3) फुलेरा जंक्शन (4) बूँदी जंक्शन (3)

31. राष्ट्रीय राजमार्ग 11 की राजस्थान में कुल लम्बाई कितनी है?
(1) 690 किमी. (2) 875 किमी.
(3) 763 किमी. (4) 936 किमी. (3)

**व्याख्या–** NH 11 राजस्थान के 6 जिलों(जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, सीकर, झुंझुनूं) से होकर गुजरता है।

32. ग्रांट ट्रक रोड़ का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया?
(1) शेरशाह सूरी (2) अकबर
(3) इल्तुतमिश (4) हुमायूँ (1)

33. पूर्णतः राजस्थान में गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गो में सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग कौनसा है?
(1) NH148C (2) NH 62
(3) NH48 (4) NH156 (4)

**व्याख्या–** NH 156 केवल एक ही जिले(चित्तौड़गढ़) से होकर गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग है।

34. जयपुर में कौन–कौनसे राष्ट्रीय राजमार्ग आकर मिलते है?
(1) NH 48, NH 52, NH 62
(2) NH 48 , NH 52, NH21
(3)NH 21, NH 52, NH 123
(4) NH 52, NH 62, NH 123 (2)

35. राजस्थान के भूक्षेत्र से गुजरने वाला राज्य का सबसे लम्बा व सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग है?
(1) NH 11, NH 911A (2) NH 62, NH 919
(3) NH 52, NH 919 (4) NH 48, NH 148C (3)

**व्याख्या–** NH 52 की लम्बाई 793.05 किमी तथा NH 919 की लम्बाई 5 किमी है।

36. राजस्थान में सड़कों से जुड़े न्यूनतम ग्राम पंचायत मुख्यालय वाला जिला कौनसा है?
(1) सिरोही (2) कोटा
(3) जैसलमेर (4) बीकानेर (2)

37. राजस्थान का सबसे छोटा राज्य उच्च मार्ग है?
(1) SH 111A (2) SH 24
(3) SH 34B (4) SH 1 (3)

38. निम्न में से कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग बीकानेर, नागौर, जोधपुर, पाली जिलों से होता हुआ गुजरता है?
(1) NH 11 (2) NH 62
(3) NH 58 (4) NH 68 (2)

39. राष्ट्रीय राजमार्ग के मील के पत्थरों का ऊपर का रंग कैसा होता है?
(1) पीला (2) हरा
(3) लाल (4) नीला (1)

40. राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना को किस योजना में समाहित कर लिया गया है?
(1) भारतमाला परियोजना (2) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
(3) चेतक परियोजना (4) सेतु भारतम् परियोजना (1)

**व्याख्या–** भारतमाला परियोजना का प्रारंभ 31 जुलाई 2015 से हुआ इसके अंतर्गत 17 राज्यों व 7 तटीय प्रदेशों को जोड़ा जाना प्रस्तावित है। राजस्थान में 1825 किमी लम्बाई की 10 सड़कों को चिन्हित किया गया है।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication